## खबर संक्षेप

### पटेहरा में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

**मण्डला।** नारायणगंज के पटेहरा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 18 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगा। जिसमें पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले द्वारा संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जाएगी। रविवार को पहले दिन कथा स्थल से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जो गांव में भ्रमण कर कथा स्थल पर समाप्त हुई। रोजाना सुबह 8 बजे से संस्कृत पाठ और दोपहर 2 बजे से भागवत कथा सुनाई जाएगी।

### मां नर्मदा जन्मोत्सव पर कार्यक्रमों की हुई शुरूआत

**मण्डला।** माँ नर्मदा का जन्मोत्सव इस बार 25 जनवरी को मनाया जाएगा। जिसमें जगह-जगह शोभायात्रा, श्रीराम धुन, मां नर्मदा धुन सहित अन्य धार्मिक आयोजन होंगे। आयोजनों की कड़ी में प्रतिवर्षानुसार शहर के बुधवारी श्रीराधा कृष्ण मंदिर में भी हर बार की तरह इस बार भी मां नर्मदा का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। बताया गया कि यहां 7 दिवसीय आयोजन होंगे। जिसमें आज कलाश स्थापना होगी। 23 जनवरी को बसंत पंचमी पर महाआरती और मां नर्मदा छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। वहीं 25 जवरी को मां नर्मदा का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा, इसके बाद 26 जनवरी को कन्या भोजन और भण्डारा प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला।** श्रीमती अनारो बाई पति श्री ज्ञानचंद निवासी ग्राम भीखमपुर, तहसील निवास की 26 नवंबर 2024 को डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पति ज्ञानचंद पिता भद्दूलाल के खाते में आर्थिक सहायता की राशि प्रदाय की गई है।

## हिन्दू समाज की एकता और संगठन शक्ति का परिचायक बना आयोजन

# विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन

*** सुव्यवस्थित और अनुशासित वातावरण में सम्पन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




मंडला जिले के पावन कुम्भ स्थल पर रविवार 18 जनवरी को आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन अत्यंत भव्य, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी, साधु-संत, प्रबुद्धजन एवं विभिन्न हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान कुम्भ स्थल पर धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण देखने को मिला। हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति, मंडला के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज को एक सूत्र में बांधना, सनातन संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा समाज में सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता का संदेश देना रहा। आयोजन को लेकर पहले से ही जिलेभर में उत्साह का माहौल था, जो कार्यक्रम के दिन विशाल जनसमूह के रूप में देखने को मिला।

### संतों और वक्ताओं के उद्बोधन

सम्मेलन के दौरान आयोजित उद्बोधन सत्र में संतों और वक्ताओं ने हिन्दू समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता पर विस्तार से अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि भारत की आत्मा उसकी सनातन संस्कृति में निहित है और इसे सहेजना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि संगठित एवं जागरूक समाज ही राष्ट्र को सशक्त बना सकता है। संतों ने अपने प्रवचनों में संस्कार, सेवा और सामाजिक समरसता को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

### मंडला की सांस्कृतिक पहचान को मिला नया आयाम

नर्मदा तट पर स्थित मंडला जिला ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से पहले से ही विशिष्ट पहचान रखता है। कुम्भ स्थल पर आयोजित यह विराट हिन्दू सम्मेलन मंडला की सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सुदृढ़ करने वाला साबित हुआ। स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को व्यापक स्वरूप प्रदान किया। आयोजन समिति ने इसे हिन्दू समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### भविष्य को लेकर संकल्प

समापन अवसर पर आयोजकों ने यह संकल्प व्यक्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों का निरंतर आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं।

**ऐतिहासिक और प्रेरणादायी आयोजन**

कुल मिलाकर, मंडला के कुम्भ स्थल पर आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन एक ऐतिहासिक, प्रेरणादायी और सफल आयोजन के रूप में संपन्न हुआ। यह सम्मेलन न केवल हिन्दू समाज की एकता और संगठन शक्ति का परिचायक बना, बल्कि सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और राष्ट्रप्रेम का सशक्त संदेश भी देकर गया। आस्था, संस्कृति और अनुशासन के संगम के रूप में यह सम्मेलन लंबे समय तक मंडला जिले के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में स्मरणीय बना रहेगा।






# भ्रष्टाचारी इंजीनियर को क्यों दिया जा रहा प्राश्रय



*** रिश्वत लेते पकड़ाये थे रंगेहाथों।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पारदर्शी प्रशासन एवं सुशासन के दावों के बीच किसी भ्रष्टाचारी को यदि सम्मानित किया जाये तो फिर इससे ज्यादा शर्मिंदा करने वाली बात और क्या होगी। प्रशासन के ईमानदार अधिकारियों ने एक रिश्वत इंजीनियर को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा और वैधानिक कार्यवाही की लेकिन विभाग प्रमुख द्वारा न उनसे प्रभार लिया गया और न ही दण्डात्मक कार्यवाही की गई उल्टा उसे सहयोग करते हुये बकायदा पूरे अधिकारों के साथ काम करने दिया जा रहा है यह इंजीनियर निर्माण कार्यो से संबंधित बिलो को भी पास कर रहा है बताया जाता है कि इस इंजीनियर द्वारा रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद से अब तक लगभग 10 करोड़ के भुगतान के बिल पास किये गये हैं।

अपने कर्तव्य के विरूद्ध काम करता हुआ कोई तकनीकि अधिकारी रिश्वत लेते पकड़ा जाये और फिर बाकायदा वही नियम विरूद्ध कार्य करने स्वतंत्र रहे तो इस पर किसकी जबावदेही तय होगी क्या विभाग प्रमुख को इतना भी ज्ञान नही होगी कि जो अधिकारी काम के लिये रिश्वत ले रहा है वह निश्चित रूप से शासन-प्रशासन को चुनौति दे रहा है इसे बचाना कहा का न्याय है।




# कान्हा से बाघ को टाइगर रिज़र्व (नौरादेही) के लिए किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत कान्हा टाइगर रिज़र्व से एक नर बाघ को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिज़र्व (नौरादेही) के लिए रवाना कर दिया गया है। पेंच टाइगर रिजर्व के रूखड़ परिक्षेत्र, सिवनी से रेस्क्यू किया गया था। उस समय बाघ शावक की उम्र लगभग 4 से 5 माह थी। इसके पश्चात बाघ को कान्हा टाइगर रिज़र्व के मुक्की स्थित घोरेला रिवाइल्डिंग बाड़ा में पालन-पोषण कर प्राकृतिक शिकार एवं स्वतंत्र विचरण के लिए प्रशिक्षित किया गया। वर्तमान में बाघ की उम्र लगभग 33 से 35 माह है तथा वह पूर्णतः स्वस्थ एवं जंगल में स्वतंत्र जीवन के लिए सक्षम पाया गया है।



विशेषज्ञ परामर्श के आधार पर निर्णय लिया गया कि बाघ को ऐसे संरक्षित क्षेत्र में छोड़ा जाए जहाँ बाघों का घनत्व कम हो और पर्याप्त आवास उपलब्ध हो। इस बाघ को वन्यप्राणी चिकित्सकों एवं वैज्ञानिकों द्वारा निश्चेत कर उसके शरीर के आवश्यक जैविक मापदंडों को विधिवत रूप से अभिलेखित किया गया। तत्पश्चात वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 11(1)(ए) के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त कर, विशेषज्ञों की सतत निगरानी में तथा निर्धारित मानक प्रोटोकॉल के अनुरूप बाघ को सेटेलाईट रेडियो कॉलर पहनाकर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिज़र्व (नौरादेही) में सुरक्षित स्थानांतरण किया गया। इस टाइगर रिज़र्व में बाघ के दीर्घकालीन संरक्षण के लिए प्राकृतिक एवं अनुकूल आवास उपलब्ध है, जिससे वह स्वाभाविक रूप से स्वतंत्र विचरण कर सके।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में समीक्षा बैठक

*** बी.एल.ओ. के पास पर्याप्त मात्रा में फार्म उपलब्ध रहे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा द्वारा वी.सी. के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी रा., मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, बिछिया, निवास, मण्डला, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, निर्वाचन से संबंधित सहायक प्रोग्रामर एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर तैयारी के साथ सम्मिलित हुये।

कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा निर्देशित किया गया कि फार्म 6, 7 एवं 8 के प्राप्ति की अंतिम तिथि 22 जनवरी 2026 निर्धारित है। सभी यह सुनिश्चित कर लेवें कि बी.एल.ओ. के पास पर्याप्त मात्रा में फार्म उपलब्ध रहे तथा वे मतदान केन्द्र क्षेत्र में उपस्थित रहकर फार्म प्राप्त करें। नो मैपिंग के लिए प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र करें। लॉजीकल डिस्क्रेपेन्सी के शेष मतदाताओं का निराकरण के संबंध विधानसभावार कार्ययोजना तैयार कर निराकरण कराने के लिए आदेशित किया गया है। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने के संबंध आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के लिए निर्देश दिये गये।

**प्रतियोगिता** | **टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, कबड्डी, शतरंज, पिट्ठू क्रिकेट व रस्साकशी में दिखा युवाओं का जोश।**

# जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का शानदार आगाज

*** एमपी यूथ गेम्स 2025-26 के तहत आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले में युवाओं की खेल प्रतिभा को मंच देने वाले खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का प्रथम चरण उत्साह और उमंग के साथ प्रारंभ हुआ। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला द्वारा आयोजित इस आयोजन में एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, कबड्डी, शतरंज, पिट्ठू, क्रिकेट एवं रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

यह प्रतियोगिताएं 17 से 18 जनवरी 2026 तक जिले के विभिन्न खेल मैदानों में आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में विभागीय तैयारियां सुनिश्चित की गईं।

### विभिन्न स्थानों पर हुआ मुकाबलों का आयोजन

खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री विकास खराड़कर ने जानकारी देते हुए बताया कि एथलेटिक्स, वॉलीबॉल एवं पिट्ठू क्रिकेट प्रतियोगिताएं महारानी लक्ष्मीबाई स्टेडियम में आयोजित की गईं। टेबल टेनिस, शतरंज एवं कबड्डी प्रतियोगिताएं दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुईं।

प्रतियोगिताओ में जूनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें मंडला जिले के विभिन्न विकासखंडों से बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए।



### चयनित खिलाड़ी अब संभाग स्तर पर दिखाएंगे दम

इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में मंडला जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन एंट्री, भोजन एवं चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। वहीं चयनित खिलाड़ियों के लिए किट एवं परिवहन व्यवस्था भी विभाग द्वारा की जा रही है।

### एएसपी श्री शिवकुमार वर्मा ने किया पुरस्कार वितरण

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास सफलता की कुंजी है। साथ ही खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने एवं ट्रैफिक नियमों का पालन करने की प्रेरणा भी दी।

### खेल जगत और प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, प्रशिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## द ऑर्किड फन स्कूल का वार्षिक समारोह बना यादगार, बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान द ऑर्किड फन स्कूल (The Orchid Funschool) द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह "आरंभ – एक नई उड़ान 2026" का भव्य आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि संपतिया उइके, कैबिनेट मंत्री, मध्यप्रदेश शासन रहीं। वहीं कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता प्रफुल्ल मिश्रा, जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी ने की। इसके अतिरिक्त पुनीत गोयल, उप संचालक आईएफएस तथा प्रीथा एस. एम., डीएफओ ईस्ट की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। वार्षिक समारोह के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों, नाट्य मंचन एवं समूह गीतों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।



विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने समारोह को विशेष बना दिया। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान समाज की मजबूत नींव रखते हैं। वहीं कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संस्कार एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक सौरभ तिवारी एवं प्राचार्या आकांक्षा तिवारी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन वंदे मातरम् के साथ किया गया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया।

## खबर संक्षेप

### अब मुख्य मार्गो की बात तो दूर पुलिस थाने में भी जमने लगा पशुओं का डेरा

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। इस समय जिस प्रकार से नगर की सड़को पर आवारा पशुओं की धमचौकड़ी के चलते आम लोगों के साथ साथ वाहन चालको को जिस प्रकार से परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है। मगर इस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि लोग आये दिन सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं के चलते दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो प्रशासन की उदासीनता का परिणाम है कि इस समय नगर के हर चौराहे आवारा पशुओं की मटर गस्ती के चलते स्कूली बच्चों का निकलना मुश्किल होते हुए तो देखना आम बात हो चुकी है, मगर स्थिति इस प्रकार से बन चुकी है कि अब नगर के शासकीय कार्यालयों में डेरा जमाने से भी यह आवारा पशु कोई गुंजाईस छोड़ने से नही चूक रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते दिवस उस समय देखने मिली जब नगर के पुलिस थाने के ठीक सामने ही जिस प्रकार से आवारा पशुओं ने अपना डेरा जमाया जिसे देखते हुए लोग यह बात कहने से नही चूक रहे थें कि ऐसा तो नही कि यह पशु भी अब अपनी किसी बात को लेकर पुलिस थाने में नगरवासियों की मनमानी की शिकायत लेकर पहुंचे हो और पुलिस के थाने में मौजूद नही रहने की स्थिति में पशुओं द्वारा थाने के सामने ही धरना देने का निर्णय ले लिया गया हो जिसके चलते वह पुलिस थाने के सामने खड़े होकर किसी बड़े अधिकारी के आने का इंतजार कर है? इस प्रकार से पुलिस थाने के समाने जब लोगों द्वारा पशुओं का यह दृश्य देखा गया और पुलिस थाने में किसी भी प्रकार से कोई कर्मचारी या अधिकारी नजर नही आये तो इस दृश्य को देखने के लिए लोगों का पुलिस थाने के समाने हुजूम लगने से नही चूका।

### ग्रामवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खुलरी में की जा रही बायपास मार्ग की मांग

हरिभूमि न्यूज/ खुलरी। लगातार ग्राम विकास की गति को अंजाम देने वाले यहां के आमजन द्वारा शासन प्रशासन ग्रामवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये वायपास मार्ग की मांग की जा रही है। इस संबंध में ग्राम के कुछ बुजुर्गो ने चर्चा के दौरान बताया गया है कि इस समय जिस प्रकार से देखा जा रहा है कि नगर के अंदर से करेली व लिंगा की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही लगी रहती है उसके चलते ग्राम के लोगों के लिए खतरा दिखाई देने लगा है। इतना ही नही यदि ग्राम की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जो मार्ग बना हुआ है उसके पास ही जहां प्रमुख बाजार है जिसमें दुकाने सड़क किनारे ही लगती है। वही दूसरी ओर ग्राम के शासकीय स्कूलों व बैक सहित अन्य कार्यालय सड़क के किनारे ही बने हुये है, इसी दौरान इन कार्यालयों के समाने से वाहने की धूम मची रहने के कारण मासूम बच्चों की जिन्दगी के खिलाफ खतरे की घंटी बजते हुए देखी जा रही है। वही दूसरी ओर बाजार में भीड़ के बीच से वाहनों का निकलना भी मुश्किलों से भरा हुआ होता है, वही दूसरी ओर ग्राम खुलरी की बासहट पर ध्यान दिया जावे तो ग्राम के अंदर से विषम परिस्थति में फायर विग्रेड जैसे साधन का निकलना भी मुश्किलों से भरा होने के कारण ग्राम की सुरक्षा को देखते हुए खुलरी के पास से वायपास मार्ग का निर्माण होना अति आवश्यक हो चुका है? यदि वायपास मार्ग का निर्माण होता है तो निश्चित ही जहां ग्रामवासी सुरक्षित हो जावेगे वही ग्राम के पास से निकली हुई सुखचेन नदी का कायाकल्प होने से भी नही चूकेगे जिससे नदी किनारे बसे हुये अनेक परिवार जिनके रहवासी मकान नदी में लगातार हो रहे कटाव के चलते खतरे की स्थिति में पहुंच चुके है उनको भी सुरक्षा प्रदान हो सकती है।

### निजी फाइनेंस कंपनी का गांव गांव फैल रहा है गोरखधंधा...

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। कुछ दिनों तक रोक लगने के बाद अब फिर क्षेत्र के गॉवों मे ऐसी निजी फाइनेंस कम्पनियों से जुड़े हाईटेक युवकों की रेडी उत्तर आयी है जो छोटे धंधों की शुरूआत के लिए ग्रामीण महिलाओं को ऋण देने का भरोसा देकर अपने प्रलोभन के जाल मे गॉवों की भोली भाली अशिक्षित महिलाओं को फॅसाकर बड़े मीठे अंदाज मे उनका आर्थिक शोषण कर रहे है? हासिल जानकारी के अनुसार क्षेत्र के आस पास अनेक गांवों मे लम्बे समय से एक तथा कथित फाइनेंस कम्पनी से संबंधित कुछ युवक गॉव की महिलाओं को आत्म निर्भरता का पाठ सिखाते हुए उन्हे ठगने की लगातार कोशिश कर रहे है? ज्ञात हुआ है कि उक्त कंपनी की तरफ से पति पत्नी की साथ फोटो प्रस्तुत करने पर महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए 8 से लेकर 15 हजार रू. तक का लोन दिया जाता है तथा ऋण लेने वाली ग्रामीण महिला से हर हप्ते 20 रू. से लेकर 50 रूपया तक बीमा की राशि वसूल की जाती है।

# ट्रैक्टर ट्राली का पंजीयन कृषि कार्य के नाम पर और व्यावसायिक रूप से उपयोग करते हुये ढो रहे है रेत मिट्टी सहित अनेक प्रकार के सामग्री, वाहन चैकिंग के नाम पर चालानी कार्यवाही










हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

कहने के लिये तो यातायात पुलिस द्वारा आये दिन जहां तहां नाके लगाते हुये वाहनों की चैकिंग करते हुये देखा जाता है। मगर जिस तरह नियम विरूद्व दौड़ने वाले वाहनों को नजर अंदाज करते हुये वाहन चौकिंग के नाम पर औपचारिकता निभाया जाना प्रतीत होने से नही चूक पाता है और वह चर्चा का विषय बनने से नही चूकती है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर सहित क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह ट्रेक्टर ट्रालियों का व्यावसायिक रूप से उपयोग करते हुये रेत, गिट्टी व मिट्टी भरकर ट्रेक्टर ट्रालियों को भर्राटे मारते हुये देखा जा रहा है वह पूर्ण रूप से नियमों के विपररित होने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से कोई ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि आये दिन सड़क दुर्घटनाये घटित होना आम बात बनती चली जा रही है..? क्योंकि जब किसी भी व्यक्ति द्वारा अपना ट्रेक्टर ट्राली खरीदी जाती है तो उसके द्वारा आर टी ओ विभाग में कृषि कार्य के नाम पर दर्ज इसलिये कराया जाता है कि उसमें टेक्स के रूप में कम राशि भरनी पड़ती है। मगर कृषि कार्य के नाम पर दर्ज इन ट्रेक्टर ट्रालियों का खुलेआम व्यावसायिक रूप से उपयोग होने के बाद भी कार्यवाही न होना निश्चित ही अधिकारियों की उदासीनता को उजागर करने से नही चूकता है? बताया जाता है कि कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत इन ट्रेक्टर ट्रालियों कास नगर सहित क्षेत्र में व्यावसायिक उपयोग धडल्ले से किया जा रहा है। इस स्थिति के चलते जहां शासन को लाखों रूपया में टैक्स के रूप में राजस्व की हानी हो रही है तो दूसरी ओर दुर्घटनाये होने पर लोगो को क्लेम लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि इन ट्रेक्टरों का परिवहन विभाग में पंजीय कृषि कार्य के उपयोग के नाम पर रहता है मगर इसके बाद भी इन ट्रेक्टर ट्रालियों में खुलेआम व्यावसायिक रूप से हो रहे दुरूपयोग को लेकर शायद ही किसी अधिकारी द्वारा इस ओर ध्यान देते हुये कभी रेत, गिट्टी या फिर मिट्टी ढोने वाले ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ते हुये इस सच्चाई को जानने का प्रयास किया गया हो कि उसका पंजीयन किस कार्य के लिये है? बताया जाता है कि जब ट्रेक्टर ट्राली को कृषि कार्य के नाम पर लिये जाते है तो उसमें कृषकों के नाम अनुदान भी प्राप्त होता है और ऐसे वाहनों से लोग कृषि कार्य न करते हुये व्यावसायिक धंधा मुख्य रूप से रेत, गिट्टी, सहित माल वाहन के रूप में उपयोग करते हुये देखे जा रहे है। बताया जाता है कि ट्रेक्टर ट्रालियो में सिंग्नल न होने तथा अनेक ट्रेक्टरों में मात्र एक ही लाईट जलाने के साथ साथ इन्हे जिस तेज गति से दौड़ाया जाता है कि रात के समय सड़क दुर्घटनाओं को अंजाम देने से नही चूकते है। नियम के अनुसार बताया जाता है कि खेती किसानी का काम करने वाले किसानों द्वारा ट्रेक्टर ट्राली खरीदने पर शासन ने उन्हे कर मुक्त की श्रेणी में रखा गया है? अगर कोई व्यक्ति ट्रेक्टर ट्राली खरीदकर उसका व्यावसायिक उपयोग कर रहा है तो उसे ट्रेक्टर ट्राली का अलग अलग पंजीयन करना होता है। इसके लिये परिवहन विभाग में बतौर पंजीयन प्रत्येक दो साल बाद पंजीय का रिन्युअल करना जरूरी होता है। इसी के चलते लोगों द्वारा खरीदे गये ट्रेक्टर ट्रालियों का पंजीयन मात्र कृषि कार्यो के नाम पर कराते हुये उनका दुरूपयोग करने से नही चूक रहे है। जबकि नियम के अनुसार यदि किसी ट्रेक्टर ट्राली का पंजीयन कृषि कार्य के नाम पर हुआ है तो उसका उपयोग सिर्फ खेती किसानी से जुडे हुये कार्य में ही किया जा सकता है। मगर संबंधित विभाग तथा स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की अनदेखी का परिणाम है कि क्षेत्र में कृषि कार्य के नाम पर दर्ज इन ट्रेक्टर ट्रालियों का उपयोग कृषि कार्यो में नाम मात्र तथा व्यावसासिक कार्यो में अधिक होते हुये देखा जा रहा है। इस तरह विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते जहां क्षेत्र में घटित होने वाही सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मामले इस तरह व्यावसायिक धंधे में लगे हुये इन ट्रेक्टर ट्रालियों का परिणाम देखने मिलते है तो दूसरी ओर इससे परिवहन विभाग को हर माह लाखों रूपया के रूप में टैक्स रूपी राजस्व की क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? इतना ही नही इस तरह कमर्शियल रूप से उपयोग होने वाले इन ट्रेक्टर ट्रालियों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर के शासकीय चिकित्सालय मार्ग हो या फिर अन्य मार्ग पर मिट्टी लेकर जिस तरह नाबांलिगों द्वारा उन्हें तेज गति से तरह दौड़ाया जाता है कि मानो यहां पर कोई प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा हो.....? बताया जाता है कि शहर में मिट्टी ढोने वाले इन ट्रेक्टर ट्रालियों का नियम होता है कि जो ट्रेक्टर ट्राली अधिक चक्कर लगाते हुये मिट्टी डालेगा उसे अधिक पैसा मिलेगे। क्योंकि मिट्टी ढोने वाले ट्रेक्टर ट्राालियों के लिये राउंड के हिसाब से भुगतान किया जाता है इसी के चलते यह इन ट्रेक्टरों के मालिक व चालक दोनों अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये दूसरों की जिन्दगी के साथ खुला खिलबाड़ करने से नही चूक रहे है। यदि देखा जावे तो शहर की गलियों में फर्राट मारते हुये मिट्टी ढोने वाले इन अधिकांश ट्रेक्टर ट्रालियों को नाबांलिग व बगैर लाईसेंसधारी चालक ही दौड़ाते हुये देखे जाते है? कभी भी तो स्थिति इस तरह से देखने मिलती है कि सड़क पर दौड रहे ट्रेक्टर ट्रालियों के चालकों के एक हाथ में मोबाईल फोन तो दूसरे हाथ में स्टीयरिंग होता है इस सच्चाई से ही अनुमान लगाया जा सकता है कि आखिरकार हर वर्ष पुलिस विभाग द्वारा चलाये जाने वाला सड़क सुरक्षा सप्ताह कहा तक सफल माना जा सकता है?





## नागपुर ने जबलपुर टीम को किया सात विकेट से पराजित, आज सेमीफाईनल में प्रयागराज उत्तर प्रदेश से होगा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर लाईन्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में खेली जा रही अखिल भारतीय लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में कल रविवार को प्रतियोगिता के पूल बी का दूसरा मैच जबलपुर मध्य प्रदेश तथा नागपुर महाराष्ट्र टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में टांस जीतकर पहले गेंदवाली करने का निर्णय लेते हुये नागपुर की टीम द्वारा बल्लेबाजी के लिये जबलपुर टीम को आमंत्रित किया गया था। वही जबलपुर टीम द्वारा पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में 133 रन बनाये। जबलपुर की ओर से शक्ति ने 40 गेंदो में 3 चौको की मदद से 38 रन तो आदित्य ने 13 गेंदो का सामना करते हुये 22 रन तथा आलोक ने 10 गेंदों में 3 चौका तथा 1 सिक्स की मदद से 19 रन बनाये। वही नागपुर टीम की ओर से की गई गेंदबाजी में कुरण ने 4 ओवर में 23 रन देते हुये 3 विकेट, आर संजय ने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट वह वैभव ने 2 ओवर में 15 रन देते हुये 1 विकेट लेने में सफलता हासिल की गई थी। वही जबलपुर टीम द्वारा नागपुर टीम को जीत के लिये दिये गये 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिये जब मैदान पर उतरी तो नागपुर टीम द्वारा 18.2 में अपने मात्र 4 विकेट खोकर इस 134 रनों के लक्ष्य को पूरा करते हुये इस मैच को 7 विकेट से जीतते हुये सेमी फाईनल में प्रवेश कर लिया गया है। इस तरह नागपुर टीम का आज दूसरे सेमीफाईनल मैच में आज प्रयागराज उत्तर प्रदेश टीम से मुकाबला होगा। वही जबलपुर व नागपुर टीमों के बीच खेले गये मैच के दौरान अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करने वाले नागपुर टीम के आर संजय को मैन आफ द मैच के लिये चुने जाने पर मैच के समापन अवसर पर मौजूद अतिथियों द्वारा मैन आफ द मैच पुरूस्कार से सम्मानित किया गया।

## मादक पदार्थों के खिलाफ नये वर्ष में डोगरगांव पुलिस को मिली सफलता, चिर्रिया निवासी युवक से जप्त किया गांजा



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन चलाए जा रहे ''OPERATION EAGLE CLAW'' के तहत नये वर्ष के प्रथम मध्य में डोगरगांव पुलिस ने नशे के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये पलोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चिर्रिया निवासी एक युवक के पास से लगभग एक लाख रूपया कीमत का गांजा जप्त करने में सफलता हासिल करते हुये आरोपी को गिरपतार किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में डोगरगांव पुलिस थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा क्षेत्र में जुआ,सट्टा,अवैध मादक पदार्थ के व्यापार तथा अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के साथ गुण्डे एवं बदमाशों की धरपकड़ एवं अपराध तथा अपराधियों पर पूर्णतः नियंत्रण हेतु '' OPERATION EAGLE CLAW'' चलाते हुये धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस नगर थाना प्रभारी प्रकाश पाठक को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम कल्याणपुर से रायपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति कुछ मादक पदार्थ रखे हुये जा रहा है। इस सूचना से प्रकाश पाठक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आरोपियों को माल सहित गिरप्तार करने के लिये एक टीम बनाते हुये कार्यवाही के निर्देश दिये गये। इस तरह उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक के नेतृत्व में बनाई गई इस टीम में मुख्य रूप एस आई बबीता पहाडे, ए एस आई शिशुपाल सिंह, प्रधान आरक्षक आकेश तिवारी, आरक्षक अकलेश्वर प्रताप, दिनेश पटैल के आलवा महिला आरक्षक गिनी तिवारी को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के अनुसार कल्याणपुर से रायपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर एक युवक को संदिग्ध स्थिति में जाते हुये देखे जाने के चलते जब पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगा तो पुलिस का संदेह मजबूत होने के चलते पुलिस द्वारा घेराबंदी करते हुये युवक को अपनी हिरासत में लेते हुये पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम शिव कुमार ढिमोले निवासी ग्राम चिर्रिया बताया गया। वही जब उसकी लताशी ली गई तो उसके पास से पुलिस को 4.788 किलोग्राम गांजा मिला जिसको पुलिस द्वारा जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया। वही जप्त किये गये गांजे की कीमत अनुमानित तौर पर एक लाख रूप से अधिक की आकी जा रही है..? इस तरह मादक पदार्थो के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के चलते नये वर्ष के पहले माह के मध्य में डोगरगांव थाना प्रभारी प्रकाश पाठक की टीम को जहां एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।

## सड़क पर फूटी पड़ी कांच की बाटलें बता रही रात के समय सड़कों पर छाने वाले शराबियों के आंतक की सच्चाई





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

भले ही नगर में शांति व्यवस्था कायम रहने की कितनी भी दुहाई दी जा रही हो..? मगर शहर की सच्चाई इस समय देखने मिल रही है कि रात के समय जहां नगर की सड़को पर सभ्य लोगों का निकलना मुश्किल होने से नही चूक पाता है। वही दूसरी ओर यदि नगर में कोई बाहरी व्यक्ति फंस जाता है तो वह शहर के बीचों बीच से निकलने में अपने आपको असुरक्षित महसूस करने से नही चूक पाता है। नगर के अंदर हालत इस तरह बनते हुये देखे जा रहे है कि शाम होते ही जिस प्रकार से शहर की पानी टंकी क्षेत्र हो या फिर शहर के पुराने कालेज खेल मैदान सहित शहर की वायपास सड़क से लेकर शांति दूत तिरहा सहित छीपा टिग्गडा पर जिस तरह शराब खोरी करने वालों का कब्जा हो जाने के कारण लोगों का निकलना मुश्किल होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की स्थिति शहर की एमपीईबी कालोनी की देखने मिल रही है। बताया जाता है कि यहां पर शराब ठेका होने के चलते शराब पीने वाले कालोनी की सड़को के बीचों बीच लोगों के घरों के सामने बैठकर शराब पीते हुये इस तरह की भाषा का उपयोग करते हुये सुने जाते है जिसके चलते लोग अपने घरों में रहते हुये भी दहशत में दिखाई देने से नही चूक रहे है। वही रात के समय सड़को का हाल तो इस तरह देखने मिला है कि मानों बाइकर्सो की कोई रेस चल रही हो जिसके चलते शराब खोरी करने वाले अपने अपने हाथों में शराब के बोतले रहराते हुये बाइको के माध्यम से सड़को के ऊपर हुडदंग मचाने के साथ कांच के खाली बाटलों को मुख्य सड़को पर फैकने से नही चूकते है। इस तरह सड़को पर फैकी जाने वाली कांच के बादलों के चलते जहां सड़कों पर कांच बिखरे हुये दिखाई देने से नही चूकते है। इस तरह सड़को पर कांच की बाटले फेकने के कारण जहां लोगों को घायल होते हुये देखा जाता है तो दूसरी ओर लोगों के छोटे वाहनों को पंचर होना भी आम बात बन चुकी है..? इस तरह रात के समय शहर की सड़को पर शराब खोरी करने वालों की हुडदंग लीला का हाल यह तरह है कि मानों उनके दिलों में पुलिस की दहशत नही रही है और वह इस तरह के आंतक को दिनों दिन बढ़ोत्तरी देते हुये दिखाई देने में पीछे दिखाई नही दे रहे है..?



## सड़कों पर पड़ी सामग्री से हो रहे आवागमन अवरूद्ध

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

सड़को पर पड़ी निर्माण सामग्री लोगों के आवागमन को अवरूद्ध करते हैं, संकीर्ण चौड़ाई वाले क्षेत्रों में या तो फुटपाथी दुकानदार बैठकर संकीर्णता पैदा करते हैं वही लोगों द्वारा सड़को पर डाली निर्माण सामग्री या गंदगी भी ऐसा अवरोध पैदा करती हैं, सड़कों का इस तरह का उपयोग नई बात नहीं है, हालांकि ऐसा करना वैधानिक भी नहीं है, परंतु कार्यवाही के अभाव में ऐसा किया जाना वैधानिक जैसा लगने लगा है और करने वाले सड़कों पर अपना अधिकार समझने लगे है। जिसका परिणाम है कि सड़कों पर यत्र चत्र निर्माण सामग्री भरी पड़ी रहती है। यह निर्माण सामग्री निजी मकानों की हो या फिर चल रही प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण की मगर नगर में जहां तहां निर्माण कार्य के चलते ठेकेदारो द्वारा डाली गई हो जो आम लोगों के लिए परेशानी का कारण साबित होते हुए देखी जा रही है, इस प्रकार से सड़को पर नियम विरूद्व डाली जा रही निर्माण सामग्री के चलते जहां सड़क का आधा भाग ऐसी सामग्री के चलते अवरूद्ध रहता है, वहीं शेष आधी सड़क से आने जाने वालों की यातायात हो पाता है जो कष्ट दायक व परेशानी भरा होता है, कुछेक सड़क किनारे बने मकानों के बाशिंदे भी सड़क को आंगन के रूप में इस्तेमाल करने से नहीं चूकते है? जबकि गौर किया जावे तो नगरपालिका के पास यह अधिकार है कि वह सडको पर डाले गये ऐसे सामानों को जब्त कर ले पर वह अपने अधिकारों के उपयोग को करने में कंजूसी करती है जिसके चलते लोगों के हौसले बुलंद होते जा रहे है और वह सड़को पर अपना कब्जा जमाते हुए चले जा रहे है, इस स्थिति के चलते नगरवासियों ने प्रशसन के साथ साथ नपा प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की गई है कि वह मुख्य सड़क मार्गों के ऐसे अवरोधों को दूर करने के प्रयास किये जायंअ ताकि आवागमन अवरूद्ध न हो।

खबर संक्षेप

## 6 माह से फरार हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार


**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** थाना अमरकंटक में को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बिलासपुर में एक महिला का शव मृत हालत में अर्धनग्न अवस्था में उसी के घर के अंदर पड़ा हुआ है। सूचना की तस्दीक हेतु ग्राम बिलासपुर पहुंचकर मौके से जांच किया गया। मृतिका के लड़के जितेन्द्र कुमार बरनवा पिता स्व. रामकुमार बरनवा उम्र 21 वर्ष निवासी बिलासपुर की सूचना पर देहाती मर्ग इंटीमेश क्र. 0/25 धारा 194 बी. एन. एस. एस. का कायमी कर मौके से घटना स्थान निरीक्षण, पंचनामा कार्यवाही की जाकर घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित कर फरियादी एवं गवाहानों के कथन लिए जो बताये कि मृतिका कविता बाई पति स्व. रामकुमार बरनवा उम्र 45 वर्ष निवासी बिलासपुर जिसके पति का 05 वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो गया है। करीब 02 वर्ष से दासता पति परदेशी विश्वकर्मा को बनाकर अपने घर पर रखी थी, दोनों पति पत्नी के रूप में रहते थे, परदेशी विश्वकर्मा करीब 02-04 माह से मृतिका के चरित्र पर संदेह कर अक्सर घर के अंदर झगड़ा विवाद करता और एक दो बार मारपीट भी किया था। दिनांक 22/07/2025 की शाम करीब 05 बजे भी बांस के डण्डा से घर के सामने रोड पर हत्या करने की नियत से मारपीट करते हुए रोड से घसीटते हुए घर के अंदर ले गया और मारपीट कर वहीं नग्न अवस्था में खटिया में लेटाकर दरवाजा लगाकर चला गया था। दिनांक 23.07.2025 को सुबह करीब 8.00 बजे गवाहान मौके से मृतिका के घर जाकर देखे तो मृतिका घर के अंदर मृत व अर्धनग्न अवस्था में पड़ी थी। मृतिका के शव का पी.एम. सीएचसी अमरकंटक से कराया गया। पी.एम. रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा मृतिका की मृत्यु उसके सिर, पीठ, पसली, हांथ, कूल्हा में आई चोटों के कारण होना लेख किया गया है। मर्ग जांच पर से आरोपी परदेशी विश्वकर्मा निवासी भीमकुण्डी के विरुद्ध अपराध धारा 103(1) बी.एन.एस. एवं 3(2)ट एस.सी./एस.टी. एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। मामला हत्या एवं अनुसूचित जाति/जनजाति विरुद्ध सवर्ण होने से मामले की अग्रिम विवेचना एस.डी.ओ.पी. नवीन तिवारी के द्वारा की गई। विवेचना के दौरान आरोपी की पता तलाश हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मर्गदर्शन में टीम गठित आरोपी की पता तलाश की गई लेकिन आरोपी का कोई पता नहीं चल रहा था। उक्त आरोपी की पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम उद्घोषणा की गई थी। आरोपी परदेशी विश्वकर्मा की पता तलाश हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था किन्तु कोई पता नहीं चल पा रहा था। मुखबिर द्वारा बताया गया कि आरोपी परदेशी विश्वकर्मा जिला कोरबा (छ.ग.) में आकर छिपकर रह रहा है जिस पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपी को जिला कोरबा (छ.ग.) से दिनांक 17/01/2026 को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय में पेश किया जाकर जेल भेजा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी में नवीन तिवारी एस.डी.ओ.पी. पुष्पराजगढ़, निरीक्षक लालबहादुर तिवारी, सउनि. ईश्वर यादव, प्र.आर. 139 पूरन सिंह, प्र.आर. 26 धीरेन्द्र प्रसाद (एस.डी.ओ.पी. कार्यालय पुष्पराजगढ़), आर. 311 कृष्णा राजावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मालपुर मेला वसूली विवाद: ठेकेदार पर मनमानी शुल्क वसूलने के आरोप, वीडियो वायरल

डिंडौरी

डिंडौरी जिले के शहपुरा विकासखंड अंतर्गत मालपुर कन्हैया संगम घाट पर आयोजित मकर संक्रांति मेले में ठेकेदार द्वारा मनमानी वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। व्यापारियों से निर्धारित दर से अधिक शुल्क वसूलने के आरोप लगने के बाद इससे जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके चलते प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मालपुर कन्हैया संगम घाट पर 13 जनवरी से 18 जनवरी तक छह दिवसीय मकर संक्रांति मेले का आयोजन किया गया था। मेले के संचालन हेतु ग्राम पंचायत द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से ठेका दिया गया था। नीलामी की शर्तों में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि दुकान संचालन शुल्क केवल एक बार लिया जाएगा।





### निर्धारित दर से अधिक वसूली का आरोप

व्यापारियों का आरोप है कि ठेकेदार ने तय दरों की अनदेखी करते हुए अतिरिक्त शुल्क वसूला। ग्राम पंचायत द्वारा जारी नीलामी सूचना के अनुसार दुकान शुल्क 1 प्रति वर्गफुट निर्धारित किया गया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा इससे अधिक राशि की मांग की गई।मामले से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मालपुर ग्राम पंचायत के सरपंच लखन परस्ते ने संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर व्यापारियों से चर्चा की। सरपंच ने बताया कि बातचीत के दौरान यह तथ्य सामने आया कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित राशि से अधिक वसूली की गई है। प्रारंभिक जांच में व्यापारियों की शिकायतें सही पाई गई हैं।उन्होंने बताया कि इस संबंध में ग्राम पंचायत की आपात बैठक बुलाकर ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव लाया जाएगा।

पूरे प्रकरण में मेला संचालन और निगरानी से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी निगरानी होती तो उन्हें अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ता। फिलहाल प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है। अब देखना होगा कि दोषियों के खिलाफ क्या ठोस कार्रवाई की जाती है।



## शहपुरा नगर में निकाली गई सकल हिंदू पदयात्रा

**शहपुरा** – सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में रविवार को शहपुरा नगर में भव्य सकल हिंदू पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा आगामी 20 जनवरी को शहपुरा नगर के श्री राम जानकी मंदिर, बाजार चौक में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के प्रचार एवं जनजागरण के उद्देश्य से निकाली गई।पदयात्रा की शुरुआत जनपद पंचायत प्रांगण से हुई, जो भारत माता की जय और जय श्री राम के जयघोष के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शहीद स्मारक पहुँची। वहाँ माँ भारती की भव्य आरती संपन्न कर कार्यक्रम का समापन किया गया।इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नगरवासियों से अपील की कि वे 20 जनवरी को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाजार चौक में एकत्रित हों और कार्यक्रम को सफल बनाएं। पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा, बुजुर्ग, माताएं एवं बहनें शामिल हुईं, जिससे नगर में उत्साह और धार्मिक चेतना का वातावरण देखने को मिला।

## विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यालय सम्पन्न



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद राज्य कार्यालय निर्देशानुसार एवं जिला डिंडौरी की मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम मध्य प्रदेश अभियान शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्षता श्रीमती मालती तिवारी जनपद सदस्य अमरपुर रही। मुख्य अतिथि रामनाथ उद्दे स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच तथा मानिक लाल यादव सामाजिक कार्यकर्ता विशिष्ट अतिथि गुलाब सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता अमरू सिंह ठाकुर तथा साहब लाल पुषाम उपस्थित रहे। उक्त उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी के तेल चित्र का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत तिलक एवं पुष्पहार से किया गया। तदउपरांत विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान की जानकारी देते हुए सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उनको लाभ दिलाने का कार्य समिति एवं ग्रामवासी द्वारा तथा शासन की संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम उत्सव के माध्यम करने की बात कही गई। इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि और मुख्य अतिथि गुलाब सिंह ठाकुर द्वारा नशा मुक्ति विषय पर विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गई। वहीं पर मानिक लाल यादव द्वारा स्वदेशी जागरण के विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके पश्चात विषय विशेषज्ञ द्वारा सर्वप्रथम डॉ. सुनील काकोड़िया शासकीय महाविद्यालय अमरपुर द्वारा उपस्थित छात्र छात्राएं एवं समिति कार्यकर्ताओं को कैरियर परामर्श के विषय में जानकारी दी गई। तत्पश्चात आशीष मरावी द्वारा जैविक कृषि का प्रशिक्षण दिया गया और पुलिस प्रशासन से एस आई राघवेंद्र द्वारा यातायात सुरक्षा नशा मुक्ति ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों के द्वारा सत्र 2024-25 के छात्र-छात्राओं को अंक सूची प्रदान की गई तथा छात्र एवं समिति द्वारा किए गए नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीमती मालती तिवारी द्वारा आशीर्वचन के दौरान उनके द्वारा समाज हित में कार्य कर रहे पर्यावरण संरक्षण, सामूहिकता, स्वैच्छिकता, स्वालंबन से ही ग्रामों का विकास संभव हो पाएगा और गांव विकास से ही देश का विकास संभव हैं। इसलिए हम सभी को कंधे से कंधे मिलाकर उक्त कार्यक्रम में सहभागी बनकर कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा गया। उक्त कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं के कार्यक्रम समन्वयक मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास के परामर्शदाता छात्र-छात्राएं तथा समिति के कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा मंचासीन अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समापन किया गया।

नर्मदा डैम घाट पर नि:शुल्क आयुष चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## नर्मदा डैम घाट पर नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

डिंडोरी

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया के मार्गदर्शन में जिला आयुष विभाग, डिंडोरी द्वारा परिक्रमा वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नर्मदा डैम घाट पर नि:शुल्क आयुष चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर 16 जनवरी 2026 से निरंतर संचालित किया जा रहा है, जिसमें चिकित्सकों की टीम नियमित रूप से सेवाएं प्रदान कर रही है।रविवार 18 जनवरी 2026 को कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया ने नर्मदा डैम घाट पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिक्रमा वासियों से संवाद कर उनका हालचाल जाना, उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि परिक्रमा वासियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर परिक्रमा वासी शिविर में पहुंचकर नि:शुल्क उपचार एवं दवाएं प्राप्त कर सकते हैं।





आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में 16 जनवरी 2026 से स्वास्थ्य टीम प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक सेवाएं दे रही है। शिविर में डॉक्टर रंजीत धुर्वे, डॉक्टर आशीष संयम सहित शोभा दुबे, शीला पेंद्रो, भागी सिंह धुर्वे, हरिश्चंद्र मरावी, भुवनेश्वरी एवं अन्य कर्मचारी सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नर्मदा नदी के घाटों का भी अवलोकन किया और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नियमित साफ-सफाई, बड़े डस्टबिन की व्यवस्था तथा समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन एवं पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की असुविधा न हो।कलेक्टर ने एसडीएम एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि भंडारा एवं डीजे की व्यवस्था केवल निर्धारित एवं उपयुक्त स्थानों पर ही की जाए तथा नर्मदा घाट पर किसी भी प्रकार का भंडारा आयोजित न किया जाए। इसके साथ ही बाजार, बस स्टैंड एवं निर्माणाधीन डिवाइडर पर झंडे, बैनर अथवा फुटपाथ दुकानों को न लगाने के निर्देश दिए गए, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। नगर पालिका को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बैनर एवं फ्लेक्स केवल निर्धारित स्थानों पर ही लगाए जाएं।नर्मदा डैम घाट समिति द्वारा उठाई गई समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने सड़क मरम्मत, मंदिर की पुताई एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।इस अवसर पर एसडीएम डिंडोरी सुश्री भारती मरावी, तहसीलदार रामरतन मार्को, जनसंपर्क अधिकारी, थाना प्रभारी दुर्गादास नगपुरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी , मंदिर के पुजारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## रमपुरी की सीसी सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी, छह माह में ही हुई जर्जर

**अमरपुर।** प्रदेश सरकार जहां एक ओर भ्रष्टाचार मुक्त शासन का दावा कर रही है, वहीं डिंडौरी जिले के जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्र से सामने आया मामला इन दावों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत रमपुरी द्वारा 15वें वित्त आयोग योजना के तहत मुख्य मार्ग से टिकरा टोला जाने वाले मार्ग पर लगभग 3 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीमेंट कांक्रीट (सीसी) सड़क अब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।



उक्त निर्माण कार्य की तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 1273, दिनांक 20 जनवरी 2023 को दी गई थी तथा यह कार्य स्वीकृत वर्ष 2023-24 में कराया गया। सड़क निर्माण का भूमि पूजन तत्कालीन केंद्रीय राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, तत्कालीन प्रभारी मंत्री डॉ. मोहन यादव एवं तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक श्री भूपेंद्र मरावी के करकमलों द्वारा किया गया था। बावजूद इसके, निर्माण की गुणवत्ता इतनी खराब रही कि सड़क छह माह के भीतर ही उखड़ने लगी और वर्तमान में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है।स्थिति यह है कि सड़क पर नंगे पांव पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है, वहीं वाहनों का आवागमन भी जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क पूरी तरह भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण कार्य का परिणाम है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ग्राम पंचायत रमपुरी में कराए गए अन्य निर्माण कार्यों की स्थिति भी इसी प्रकार की है, जिससे तकनीकी निगरानी और मार्गदर्शन की भूमिका पर सवाल उठते हैं।

इस संबंध में क्षेत्रीय जनपद सदस्य कृष्ण कुमारी बरौतिया ने बताया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता अत्यंत खराब थी, जिसकी शिकायत उन्होंने पूर्व में की थी, लेकिन अब तक कोई निराकरण नहीं किया गया।

## रोहित के ऑलराउंडर प्रदर्शन के बदौलत एनआरसी रमपुरी ने जीवाईसी जलेगांव को 14 रनों से हराया

**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में यंग स्टार स्पोर्ट क्लब अमरपुर के तत्वावधान में स्व. लोकमन साहू खेल मैदान में सांसद कप लेदर बॉल अमरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया हैं। जिसके तहत रविवार को एनआरसी रमपुरी एवं जीवीईसी जलेगांव के मध्य मैच खेला गया। एनआरसी रमपुरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एनआरसी रमपुरी की टीम ने निर्धारित 18 ओवर में 7 विकेट खोकर 168 रन बनाएं। जिसमें सर्वाधिक 72 रन रोहित ने 45 गेंदों पर 8 चौंके व 4 छक्के लगाए, 36 रन करीम खान ने 26 गेंदों पर 7 चौंके लगाएं एवं 13 रन चंद्रमणि ने बनाएं। जीवाईसी जलेगांव की ओर से धनेश्वर ने 2 एवं मुकेश, प्रशांत और सचिन 1-1 विकेट हासिल किए। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीवाईसी जलेगांव ने निर्धारित 18 ओवर में 7 विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी। धनेश्वर ने सर्वाधिक 30 रन, महेश मरावी ने 28 रन, सचिन ने 20 रन, कमलेश बघेल ने 16 रन एवं प्रशांत ने 15 रन बनाए। वहीं पर एनआरसी रमपुरी के लिए रोहित ने सर्वाधिक 3 विकेट, वसीम खान ने 2 विकेट एवं करीम खान और राहुल मित्रा ने 1-1 विकेट हासिल किए। एनआरसी रमपुरी के रोहित को उनके बेहतरीन 72 रनों की अर्धशतकीय पारी एवं गेंदबाजी में शानदार 3 विकेट हासिल करने पर मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मैच के निर्णायक पुरूषोत्तम ठाकुर एवं प्रवीण बर्मन रहे। वहीं मैच का आंखों देखा हाल के के उसराठे एवं प्रदीप वनवासी द्वारा सुनाया गया।



## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत डिंडोरी में विकासखंड स्तरीय ग्रामोत्सव सम्पन्न

**डिंडोरी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड डिंडोरी द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत शासकीय प्रधानमंत्री एक्सीलेंस चंद्र विजय कॉलेज, डिंडोरी में विकासखंड स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से सामाजिक जागरूकता एवं ग्रामीण विकास को गति देना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. देवेंद्र मरकाम, राजेंद्र पाठक, राधेश्याम राठौर, चंद्र सिंह कुशराम, सुधीर दत्त तिवारी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य देवेंद्रनाथ चतुर्वेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक गणेश सिंह राजपूत ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक गणेश सिंह ने बताया कि यह अभियान 12 जनवरी से 26 जनवरी तक पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक ग्राम में ग्रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्थाएं, परामर्शदाता एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. देवेंद्र मरकाम ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के संदेश "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको"का स्मरण कराते हुए कहा कि युवा वर्ग राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। राजेंद्र पाठक ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर जोर देते हुए आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।चंद्र सिंह कुशराम ने कहा कि युवा समाज को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं और देश को सशक्त बनाने में उनकी भूमिका अहम है। वहीं राधेश्याम राठौर ने नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर बल देते हुए उपस्थित जनसमुदाय को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अजय ठाकुर ने जिले में संचालित नशा मुक्ति केंद्र की जानकारी दी तथा नशे से पीड़ित व्यक्तियों को परामर्श एवं उपचार के लिए केंद्र तक पहुंचाने का आग्रह किया।प्राचार्य देवेंद्रनाथ चतुर्वेदी ने जन अभियान परिषद की समितियों एवं सीएमसीएलडीपी के छात्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यदि गांवों की समस्याओं को चिन्हित कर शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाए, तो उनका समयबद्ध समाधान संभव है।सुधीर दत्त तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण और स्वदेशी जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए सभी को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में कार्य कर रहे परामर्शदाताओं एवं नवांकुर संस्थाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विकासखंड समन्वयक गणेश सिंह राजपूत ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, समितियों के सदस्यों, नवांकुर संस्थाओं, परामर्शदाताओं एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## आरसेटी डिंडोरी में उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आवासीय प्रशिक्षण बैच संपन्न

**डिंडोरी।** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आरसेटी (RSETI) डिंडोरी द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत रोज़गार सखी एवं उद्यम सखी का 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण बैच आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर जिला प्रबंधक कौशल भगत सिंह आर्मो, आरसेटी संकाय सदस्य कु. दीपिका सिंगौर एवं ओम जी मिश्रा, कार्यालय सहायक हंसराज ,श्री राम प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला प्रबंधक ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को स्वरोज़गार से जोड़ने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यमिता विकास, वित्तीय साक्षरता, मुद्रा ऋण, व्यवसाय प्रबंधन, विपणन रणनीति एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं अपने-अपने क्षेत्रों में सफल उद्यम स्थापित कर न केवल स्वयं को बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने आरसेटी डिंडोरी का आभार व्यक्त करते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाने का संकल्प लिया।



**खबर संक्षेप**

## पांच किलो अवैध गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशे विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए वर्ष 2025 में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थो को जप्त कर सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।अभियान के तहत अति. पुलिस अधीक्षक, संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी, गाडरवारा रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव पुलिस टीम को भ्रमण के दौरान एक व्यक्ति कल्याणपुर, रायपुर रोड़ पर पैदल दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर खुद को छुपाने की कोशिश करता प्रतीत हुआ संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उसे पकड़ा गया जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध गांजा जप्त किया गया है।


**थाना डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही-** पुलिस ने आरोपी शिवकुमार ढिमोले निवासी ग्राम चिरिया, थाना पलोहा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. को गिरफ्तार कर उसके पास से मादक पदार्थ 4.788 किलोग्राम अवैध गांजा (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 लाख अनुमानित) जप्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 8, 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोगरगाँव, उप निरीक्षक प्रकाश पाठक, उपनिरी बबीता पहाड़े, सउनि शिशुपाल सिंह, प्रधान आरक्षक आकेश तिवारी, आरक्षक अकलेश्वर प्रताप, आरक्षक दिनेश पटैल एवं महिला आरक्षक गिनी तिवारी की सराहनीय भूमिका रही है।

## मौलिक अधिकारों की सामाजिक समरसता में अहम भूमिका




**नरसिंहपुर।** नियमिता, अनुशासन एवं प्रोत्साहन को आत्मसात करते हुए एम.आई.एम.टी. कॉलेज में संवैधानिक मौलिक अधिकारों की सामाजिक समरसता में महत्वपूर्ण भूमिका तथा स्वामी विवेकानन्द के आदर्शो एवं महात्मा गांधी की समन्वय अवधारणा के साथ दो दिवसीय कम्युनिटी लंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस विज्ञान विभाग, वाणिज्य विभाग तथा शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित कम्युनिटी लंच के शुभारंभ सत्र का आयोजन न्यायाधीश दिनेश मीणा, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के मुख्य आतिथ्य, राजेश सक्सेना, जिला विधिक सेवा अधिकारी नरसिंहपुर की अध्यक्षता एवं एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर के चेयरमेन इंजी. रुद्रेश तिवारी एवं रोटे. संजय मानसाता के विशिष्ट आतिथ्य, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग एवं उपप्राचार्य डॉ. एस.एन. राव की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश दिनेश मीणा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए आयोजन को छात्र एवं समाज उपयोगी निरूपित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश सक्सेना ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए सामूहिक भोज जैसे कार्यक्रमों के आयोजनों से उत्कृष्ट समाज निर्माण पर जोर दिया। इंजी. रुद्रेश तिवारी ने कम्यूनिटी लन्च जैसे आयोजन को सामाजिक समन्वय एवं भाईचारे की भावना स्थापित करने का सशक्त माध्यम बताया। स्वागत भाषण देते हुए संस्था प्राचार्य डॉ. गर्ग द्वारा आयोजन की रूपरेखा, स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी के ध्येय वाक्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## छात्राओं की दी जा रही फिजिकल ट्रेनिंग



**नरसिंहपुर।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार व कलेक्टर के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना के तहत नरसिंहपुर में महिला सशक्त वाहिनी के तहत कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इसमें कक्षा 12 वीं पास छात्राओं को पुलिस भर्ती सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। फिजिकल क्लास की तैयारी शुक्रवार एवं शनिवार को जाती है। गणतंत्र दिवस पर शौर्या दल परेड का अभ्यास, दौड़ एवं सेल्फ डिफेंस आदि की तैयारी स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में की गई।

## विधायक फूलसिंह बैरैया का बयान कांग्रेस की सोच और संस्कृति का प्रतीक - सोनी

# सुभाष पार्क चैराहे पर पुतला दहन किया

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा जिला मुख्यालय नरसिंहपुर ने भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया के द्वारा महिलाओं के विरुद्ध अनर्गल बयान बाजी के विरोध में आक्रोश व्यक्त करते हुए स्थानीय सुभाष पार्क चैराहे पर पुतला दहन किया गया।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



उपस्थित मातृशक्तियों ने होकर नारेबाजी करते हुए फूल सिंह भैया को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित किए जाने की मांग की साथ ही साथ सार्वजनिक माफी की मांग कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद राहुल गांधी शर्म करो फूल सिंह बरैया मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पुतला दहन किया एवं महिलाओं ने बड़े आक्रोश के साथ अपनी उनके बयान पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष इंजी.निशा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि फूल सिंह बरैया का बयान कांग्रेस की सोच और संस्कृति का प्रतीक है यह वक्तव्य यह दर्शाता है कि कांग्रेस के नेताओं के मन में कितना सम्मान है यह बयान महिलाओं और एस.सी.-एस.टी. समाज के प्रति बीमार और विकृत मानसिकता की सोच को प्रदर्शित करता है ऐसे शब्द लोकतंत्र में अस्वीकार हैं। महिला कोई वस्तु या प्रदर्शन की चीज नहीं बल्कि वह सम्मान स्वाभिमान और अधिकारों का प्रतीक है। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी है जो महिलाओं को समाज में बराबर स्थान दे रही है। भाजपा की हर रीति और नीति महिलाओं पर केद्रित रहती है चाहे सत्ता हो या संगठन महिलाओं को उनका वाजिब हक भाजपा द्वारा दिया जा रहा है। अगर कांग्रेस पार्टी व उसके नेता बरैया पर कोई कार्यवाही नहीं करते हैं तो यह उनकी महिलाओं के प्रति सोच व मौन सहमति दर्शाता है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता ठाकुर जिला महामंत्री एडवोकेट रेखा सिंह पटेल नगर महामंत्री रचना वर्मा सविता कुशवाहा सविता अग्रवाल अर्चना सोनी पूनम श्रीवास्तव कामिनी सेन सुषमा मिश्रा शकुन नामदेव भारती दीक्षित बबिता नेमा माधुरी यादव कविता पटेल ओशी कुशवाहा एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज के 3 युवा बने एमपीएफए स्टेट रेफरी

# नरसिंहपुर जिले का नाम रोशन







हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

नरसिंहपुर जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के तीन युवाओं ने रेफरीशिप कोर्स लेवल-8 सफलतापूर्वक पूर्ण कर मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन (एमपीएफए) के स्टेट रेफरी बनने का गौरव प्राप्त किया है। खास बात यह रही कि महिला फुटबॉल में जिले से पहली बार किसी ने यह परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। क्रीडा अधिकारी अर्पित सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 5 वर्षों से पीजी कॉलेज नरसिंहपुर लगातार महिला फुटबॉल के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। इस उपलब्धि के पीछे कोच दीपचंद कहार तथा सीनियर खिलाड़ी करुणा मिश्रा और वंदना यादव की निरंतर मेहनत और समर्पण रहा है। यह रेफरीशिप कोर्स 12 दिसंबर से 16 दिसंबर तक शुजालपुर (जिला शाजापुर) में आयोजित किया गया था। कोर्स के दौरान फीफा रेफरी कर्नल गौतम कर, नेशनल रेफरी यूबी सिंह एवं मुस्ताक कुरैशी द्वारा प्रतिभागियों को रेफरीशिप से संबंधित नियम, निर्णय प्रक्रिया, थ्योरी एवं प्रैक्टिकल का प्रशिक्षण दिया गया। इस कोर्स में नरसिंहपुर जिले से वंदना यादव (22 वर्ष), करुणा मिश्रा (22 वर्ष) एवं दीपचंद कहार (40 वर्ष) ने भाग लिया। तीनों प्रतिभागियों ने थ्योरी एवं प्रैक्टिकल परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। कोर्स के उपरांत प्रतिभागियों के प्रैक्टिकल प्रदर्शन का मूल्यांकन करने हेतु उनकी पोस्टिंग काशा, बड़वानी में 18 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित अंडर-17 बॉयज यूथ लीग में की गई। यहां उन्हें साइड लाइन रेफरी, सेंटर रेफरी एवं फोर्थ ऑफिशियल की जिम्मेदारी दी गई, जहां उनके प्रदर्शन का बारीकी से अवलोकन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर तीनों को प्रैक्टिकल परीक्षा में योग्य घोषित किया गया तथा (एमपीएफए) द्वारा रेफरी रजिस्ट्रेशन नंबर प्रदान किए गए। वर्तमान में वंदना यादव, करुणा मिश्रा और दीपचंद कहार आधिकारिक रूप से एमपीएफए स्टेट रेफरी बन चुके हैं। इस उपलब्धि पर पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह द्वारा सभी को सम्मानित किया गया। इस सफलता से नरसिंहपुर जिले के खेल प्रेमियों एवं फुटबॉल जगत में खुशी की लहर है।

## खेल भावना के साथ अपनी योग्यता का परिचय दें- मंत्री श्री पटेल

# गुंदरई में आयोजित तीन दिवसीय टूर्नामेंट का समापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि युवाओं और बच्चों को खेल मैदान में जरूर जाना चाहिए। युवा अपनी ऊर्जा खेल में लगाएं, जिससे वे गलत दिशा में नहीं जाए। हर अभिभावक की यही इच्छा होती है कि बच्चे बड़े होकर समाज की सुरक्षा करेंगे। युवाओं में समर्थ, चरित्रवान, सक्रिय व सोच-समझ की क्षमता विकसित तभी होगी जब वह खेल मैदान में होंगे। हमें छोटी सोच व छोटी हार से विचलित नहीं होना चाहिए। खेल भावना के साथ अपनी योग्यता का परिचय दें। अपनी क्षमता में वृद्धि करें और इसे देखने आने वाली पीढ़ी भी उसी रास्ते पर चले। आपके भीतर हुनर को देखकर छोटे बच्चे आगे बढ़ते हैं, तो उसे किसी कोच की जरूरत नहीं पड़ती। श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने महिला कबड्डी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में पीजी कॉलेज नरसिंहपुर की रोमिन ठाकुर को, प्रथम स्थान आने पर पीजी कॉलेज नरसिंहपुर और द्वितीय स्थान आने पर एमकेएमजी गोटेगांव को नगद राशि व शील्ड देकर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में पुरस्कृत किया। इसी तरह बालक वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एमकेएमजी गोटेगांव के खिलाड़ी लक्ष्मण वर्मन को, प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली एसकेएमजी गोटेगांव और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली शिवाजी क्लब बौछार को नगद राशि व शील्ड देकर पुरस्कृत किया। श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने कबड्डी व व्हालीबॉल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका हौसला अफजाई किया। उन्होंने मंच से इन प्रतियोगिताओं का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने गांव की संस्कृति, परंपरा और गौमाता के महत्व पर आधारित वेब सीरिज का शुभारंभ फीता काटकर किया।

### एक पेड़ मां के नाम पर किया पौधरोपण

इस अवसर पर प्रहलाद सिंह पटेल ने ग्राम गुंदरई के मैदान परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कदम और विधायक गोटेगांव महेंद्र नागेश ने अशोक का पौधा रोपा। उन्होंने पौध रोपण कर ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## जिले में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा

### गठित दल द्वारा घर- घर जाकर पंचायतों व नगरीय वार्डों में नागरिकों से लिए जा रहे आवेदन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये जिले में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिये अभियान 4 चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान में ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति और आवेदन शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जायेगी।

### अभियान का प्रथम चरण

संकल्प एवं समाधान अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक चलाया जा रहा है। इसमें आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत नगरीय निकायों के वार्ड में नगरीय वार्ड स्तरीय समिति बनाई गई है, जिसमें ग्राम‍ नगरीय वार्ड स्तर के अधिकारी- कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया है। पंचायत- नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन- शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया गया है। यह दल शासन की विभिन्न योजनाओं सेवाओं से संबंधित आवेदनों को घर-घर जाकर एकत्रित कर रह रहे हैं। नियुक्त नोडल अधिकारी अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज कर रहे हैं।

अभियान का दूसरा चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक तीसरा चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक अभियान का चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च 2026 तक चलेगा।

## जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता

# प्रथम दिवस में 1428 परीक्षार्थी एवं दूसरे दिवस 1697 परीक्षार्थी सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



ओलम्पियाड सत्र 2025-26 अंतर्गत जिला स्तरीय (द्वितीय चरण) की दो दिवसीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन विकासखण्ड मुख्यालयों के छ परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हुआ जिसमें प्रथम दिवस में कक्षा दूसरी, तीसरी के हिन्दी, अंग्रेजी, गणित एवं छठवीं से आठवीं की हिंदी, अंग्रेजी गणित संस्कृत की परीक्षा तीन पाली में एवं दूसरे दिवस में कक्षा चैथी पांचवीं की हिंदी अंग्रेजी गणित पर्यावरण अध्ययन विषय एवं छठवीं से आठवीं की विज्ञान गणित सामाजिक विज्ञान विषय की प्रतियोगिता परीक्षा चार पाली में ओ एम आर शीट पर निर्धारित समय सारणी अनुसार सम्पन्न हुई । ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा के प्रथम दिवस में 1562 परीक्षार्थी में से 1428 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। एवं दूसरे दिवस में 1772 परीक्षार्थी में से 1697 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। उक्त अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक उपस्थित रहे। छात्र छात्राओं की परीक्षा में शत प्रतिशत उपस्थिति में संस्था प्रभारी, प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक एवं परीक्षा के सफल आयोजन में केंद्राध्यक्ष , संबंधित विकासखंड के बीएसी,जनशिक्षक, पर्यवेक्षक एवं जिला प्रोग्रामर,समस्त एम.आई.एस. कोर्डिनेटर जनपद शिक्षा केन्द्र ,जिला एवं जनपद स्तर के कंट्रोल रूम दल का सहयोग रहा ।

## ओलंपियाड परीक्षा के द्वितीय चरण का हुआ समापन



**तेंदूखेड़ा।** बच्चों में तार्किक ज्ञान को बढ़ाने एवं सामाजिक व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए शासन द्वारा समय-समय पर अनेक प्रकार से परीक्षाएं आयोजित कराई जाती हैं। बच्चे पुस्तिका ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक व व्यावहारिक ज्ञान को भी समझ सके। विगत 16 एवं 17 जनवरी को विकासखंड चांवरपाठा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में द्वितीय चरण की परीक्षा आयोजित की गई। ओलंपियाड परीक्षा के अंतर्गत प्रथम दिवस आयोजित परीक्षा में 272 बच्चों को चिन्हित किया गया था। जिसमें से 228 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति देकर परीक्षा में भाग लिया। वहीं परीक्षा के द्वितीय दिवस 17 जनवरी को 307 प्रतिभागियों को चिन्हित किया गया था। जिसमें से 280 प्रतिभागी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के द्वितीय दिवस डीपीसी एवं ए डीपीसी ने ओलंपियाड के द्वितीय चरण की प्रतियोगिता का निरीक्षण किया। हमारे प्रतिनिधि को विकासखंड स्रोत समन्वयक ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के निर्देश अनुसार 16 एवं 17 जनवरी को यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित कराई गई। जिसमें लगभग लगभग 80 प्रतिशत उपस्थिति सभी प्रतिभागियों की रही। बच्चों को परीक्षा स्थल तक लाने के लिए सभी जन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस परीक्षा में सभी बच्चों को परीक्षा केंद्र पर पानी खाने पीने एवं लाने ले जाने के लिए उचित वाहन की भी व्यवस्था की गई थी। सभी शिक्षकों की परीक्षा स्थल पर पर्यवेक्षक के रूप में ड्यूटी भी लगाई गई थी। बच्चों ने खुशी खुशी ओलंपियाड की परीक्षा में भाग लिया ।डीपीसी एवं ए डीपीसी द्वारा आगामी परीक्षा के लिए बच्चों को शुभकामनाएं भी दी गई। ओलंपियाड परीक्षा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड स्रोत समन्वयक वरिष्ठ शिक्षक कंप्यूटर ऑपरेटर सहित सभी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षकों सभी जन शिक्षकों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## कुकलाह पोनिया में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा



**गोटेगांव -** विगत दिवस ग्राम कुकलाह पोनिया में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान साप्ताहिक का शुभारंभ कुकलाह के पास में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का विधिवत शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ कथा स्थल से ग्राम कुकलाह में पूजन अर्चन कलश स्थापना के साथ शुभारंभ किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है भव्य कलश यात्रा में महिलाए पुरुष कन्या श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल होंगे शुभारंभ सात दिनों तक चलने वाली इस अनुष्ठान में प्रतिदिन 2:00 बजे से 5:00 बजे तक कथा का आयोजन किया गया है कथा वाचन के लिए प्रसिद्ध पंडित ध्रुव देव महाराज बाबरिया वाले को आमंत्रित किया गया है जो भगवान श्री कृष्ण के दिव्य जीवन लीलाओं तथा प्रमुख प्रसंगों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालेंगे श्रद्धालुओं के लिए यह आध्यात्मिक और ज्ञानवर्धक अवसर माना जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन आशीष नेमा अमित नेमा अनिल नेमा एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा किया जा रहा है।

### सुकरी ग्राम आयोजित कथा में कथा व्यास ने बताया रुक्मणी विवाह प्रसंग का वर्णन

**गोटेगांव** अंतर्गत ग्राम सुकरी में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस कथा व्यास श्री रामनरेश शास्त्री ने रुक्मिणी विवाह प्रसंग पौराणिक कथा का वर्णन किया और कहा कि जिसमें विदर्भ राजकुमारी रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को अपना पति मान लिया था और शिशुपाल से होने वाले अपने विवाह को रोकने के लिए श्रीकृष्ण को संदेश भेजा, जिसके बाद श्रीकृष्ण ने उनका हरण कर लिया और फिर भव्य समारोह के साथ द्वारका में विवाह संपन्न हुआ; यह प्रसंग दिव्य प्रेम, भक्ति और परमात्मा (कृष्ण) तथा आत्मा (रुक्मिणी) के मिलन का प्रतीक है, जिसमें श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी के भाई रुक्मी को हराकर और सभी बाधाओं को पार कर उनसे विवाह किया था। आगे कहा कि रुक्मिणी का निश्चयः विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी, श्रीकृष्ण की सुंदरता और गुणों से प्रभावित होकर उन्हें मन ही मन अपना पति मान चुकी थीं। उन्होंने एबाल्यकाल से ही श्रीकृष्ण को अपने पति के रूप में स्वीकार किया था। शिशुपाल से विवाह तयः रुक्मिणी के भाई रुक्मी, श्रीकृष्ण के शत्रु थे और अपनी बहन का विवाह चेदिराज शिशुपाल से कराना चाहते थे। रुक्मिणी इस निर्णय से दुखी थीं और उन्होंने अपनी सखी के माध्यम से श्रीकृष्ण को संदेश भेजा, जिसमें उन्होंने शिशुपाल से विवाह न होने पर प्राण त्यागने की बात कही। श्रीमद् कथा मेंयजमान हेमराज पटेल पूरन यादव मोजीलाल पटेल संतोष ठाकुर सत्यसिंह पटेल मोनू कोमल पटेल अर्जुन पटेल एवं सभी वरिष्ठ जन माताएं बहनें कथा में सम्मिलित होकर कथा का पुण्य लाभ उठाया।

